3

[2025] 4 एससीआर 2058: 2025 आईएनएससी 590

श्री मलकप्पा और अन्य।

बनाम

इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और अन्य

(सिविल अपील संख्या 5666/2025)

29 अप्रैल 2025

[सुधांशु धूलिया और के. विनोद चंद्रन, * जे.जे.]

विचारणीय मुद्दा

एक दुर्घटना में पत्नी- पीछे बैठी सवार की मृत्यु के लिए दिए गए मुआवजे के संबंध में उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेश की सत्यता के संबंध में मुद्दा उठा।

शीर्ष टिप्पणियां

मोटर वाहन - घातक दुर्घटना - मुआवजा - दुर्घटना में पत्नी पीछे बैठी **सवार की मृत्यु - अपीलकर्ता, मृतक के पति और बच्चे - मुआवजे की मांग - न्यायाधिकरण ने 18,81,966/- रुपये का मुआवजा दिया - मृतक और केवल दो बच्चों के आश्रित परिवार को ध्यान में रखते हुए व्यक्तिगत खर्चों के लिए लागू कटौती 1/3 पर तय की गई थी - बीमा कंपनी ने पुरस्कार के खिलाफ अपील दायर की - उच्च न्यायालय ने भविष्य की संभावनाओं के रूप में 50% को हटा दिया जैसा कि न्यायाधिकरण द्वारा स्वीकार किया गया था और आय बढ़ा दिया - शुद्धता:**

अभिनिर्धारित: न्यायालय को उचित मुआवजा देना चाहिए - उच्च न्यायालय के इस निष्कर्ष से अलग होने का कोई कारण नहीं है कि दुर्घटना बाइक के चालक के तेज और लापरवाही से ड्राइविंग के कारण हुई थी, जिसके मालिक को बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति दी गई है - चूंकि पति का कोई रोजगार निर्दिष्ट नहीं था, इसलिए वह आंशिक रूप से मृतक की आय पर निर्भर था, इसलिए परिवार में 4 शामिल होंगे और व्यक्तिगत खर्चों के लिए कटौती 1/4

होगी - आय को बढ़ाने का कोई कारण नहीं है जिसे उच्च न्यायालय द्वारा 7000/- रुपये से बढ़ाकर 8000/- रुपये कर दिया गया था - दावेदार भविष्य की संभावनाओं के लिए 40% का हकदार है - दिए जाने वाले बिलों के आधार पर न्यायाधिकरण द्वारा स्वीकार किए गए चिकित्सा व्यय - कंसोर्टियम के पति-पत्नी के नुकसान के अलावा बच्चे भी ₹40,000/- की दर से हकदार हैं - नुकसान की कोई गुंजाइश नहीं प्यार और स्नेह के लिए, क्योंकि पहले ही कंसोर्टियम का नुकसान दिया जा चुका है - जो बढ़ाया गया है वह केवल आनुपातिक राशि है

————....

*रचयिता

श्री मलकप्पा और अन्य

बनाम

इफको टोकियो जनरल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड और अन्य

पारंपरिक मदों के तहत, जबकि भविष्य की संभावनाओं के लिए अपनाए गए प्रतिशत और व्यक्तिगत खर्चों के लिए कटौती को कम कर दिया गया है - इस न्यायालय द्वारा 17,84,766/- रुपये का संशोधित पुरस्कार, न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए पुरस्कार से अधिक नहीं है। [पैरा 7-10]

उद्धृत निर्णयजन्य विधि

नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम प्रणय सेठी **[2017] 13 एससीआर 100: (2017) 16 एससीसी 680;** *न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी बनाम सोमवती* **[2020] 10 एससीआर 1132: (2020) 9 एससीसी 644 - संदर्भित किया गया।**

प्रमुख शब्दों की सूची

मोटर दुर्घटना;मृत्यु ; मुआवजा; गुणक; व्यक्तिगत खर्चों के लिए कटौती; अंतिम संस्कार और परिवहन के लिए खर्च; प्यार और स्नेह की हानि; कंसोर्टियम का नुकसान; भविष्य की संभावनाओं का नुकसान; उचित मुआवजा; दुर्घटना में पीछे बैठे सवार की मौत; तेज और लापरवाही से गाड़ी चलाना; चिकित्सा व्यय; यथानुपात राशि।

मामले की उत्पत्ति

सिविल अपीलीय क्षेत्राधिकार: सिविल अपील संख्या 5666/2025

कर्नाटक उच्च न्यायालय सर्किट बेंच धारवाड़ के दिनांक 07.11.2017 के निर्णय और आदेश से एमएफए संख्या 101074/2017 में

अधिवक्तागण

अपीलकर्ताओं के लिए अधिवक्ता: चिन्मय देशपांडे, वी.एन. रघुपथी

उत्तरदाता के लिए अधिवक्ता: सुयश व्यास, गोपाल सिंह।

सर्वोच्च न्यायालय का निर्णय/आदेश

निर्णय

के. विनोद चंद्रन, न्यायमूर्ति

1.अनुमति प्रदान की गई।

2. अपीलकर्ता जो न्यायाधिकरण के समक्ष दावेदार थे, उन्होंने पहले अपीलकर्ता की पत्नी की मृत्यु के लिए मुआवजे की मांग की, जिनके बच्चे दूसरे और तीसरे अपीलकर्ता हैं। यह दावा 22.02.2015 को हुई एक दुर्घटना में पीछे बैठे एक सवार की मृत्यु से उत्पन्न हुआ, जिसके परिणामस्वरूप दुर्घटना में लगी चोटों के कारण पीछे बैठे सवार की मृत्यु दो दिन बाद यानि 24.02.2015 को हो गई।

3. न्यायाधिकरण के समक्ष दावेदारों ने मृतक के जीवित रहने के दौरान उसे कुली होने का

दावा करते हुए 15,000/- रुपये की आय का दावा किया। न्यायाधिकरण ने उस अनिर्दिष्ट कार्य पर विचार करते हुए जिसमें मृतक कार्यरत था, ने ₹7,000 की आय मानी और व्यक्तिगत खर्चों के लिए निर्धारित आय का 1/3 कम कर दिया; पति को मृतक पर निर्भर नहीं पाया, जिस स्थिति में आश्रित परिवार में मृतक और उसके दो बच्चे शामिल थे। भविष्य की संभावनाओं के लिए पचास प्रतिशत जोड़ा गया था और मृतक की आयु को ध्यान में रखते हुए, यानी 35 वर्ष, 16 का गुणक लागू किया गया था, जिससे कुल नुकसान का निर्धारण ₹13,44,000/- किया गया था।

अन्य मदों पर भी कुल 18,81,966/- रुपये का मुआवजा दिया गया, जैसा कि नीचे दिखाया गया है:

संख्या	विवरण	₹ में राशि
1	निर्भरता का नुकसान	13,44,000/-
2	कंसोर्टियम का नुकसान	50,000/-
3	चिकित्सा व्यय	21,966/-
4	परिवहन और अंतिम संस्कार का खर्च	30,000/-
5	संपत्ति का नुकसान	3,36,000/-
6	प्यार और स्नेह	1,00,000/-
	कुल	18,81,966/-

4. बीमा कंपनी ने फैसले के खिलाफ उच्च न्यायालय के समक्ष अपील दायर की, जिसमें यह भी आरोप लगाया गया कि चश्मदीद गवाह की गवाही और चालक के खिलाफ दर्ज आरोप-पत्र के आधार पर दुर्घटना मोटर साइकिल

के तेज और लापरवाही से वाहन चलाने के कारण नहीं हुई। उच्च न्यायालय ने पाया कि दुर्घटना बाइक के चालक के तेज और लापरवाही से ड्राइविंग के कारण हुई है, जिसके मालिक को बीमा कंपनी द्वारा क्षतिपूर्ति की जाती है। हमें उक्त निष्कर्षों से अलग होने का कोई कारण नहीं मिलता।

5. अगला मुद्दा यह था कि याचिकाकर्ता संख्या 1 आश्रित है या नहीं। मृतक का पति आश्रित नहीं था, हालांकि वह कानूनी उत्तराधिकारी था, खासकर जब वह 40 साल का एक सक्षम व्यक्ति था,निष्कर्ष था।

6. जहां तक मृतक की आय का दावा किया गया था, हालांकि 15,000/- रुपये का दावा किया गया था, न्यायाधिकरण द्वारा निर्धारित आय 7,000 रुपये थी। उच्च न्यायालय ने आय को बढ़ाकर 8,000/- रुपये कर दिया; हालांकि दावेदारों द्वारा कोई अपील नहीं की गई थी।

श्री मलकप्पा और अन्य बनाम

इफको टोकियो जनरल एन्सुरेंस कम्पनी लिमिटेड और अन्य

7. मृतक और केवल दो बच्चों को एक आश्रित परिवार रूप में मानते हुए। व्यक्तिगत खर्चों के लिए लागू कटौती 1/3 पर तय की गई थी, हालाँकि, हमारी

राय है कि चूंकि पति का कोई रोजगार निर्दिष्ट नहीं था, इसलिए यह नहीं माना जा सकता है कि वह कम से कम आंशिक रूप से मृतक की आय पर निर्भर नहीं रहा होगा इसलिए परिवार में 4 को शामिल किया जाना चाहिए, जिन परिस्थितियों में व्यक्तिगत खर्चों के लिए कटौती ¼ पर होगी

8. जहां तक परिवर्धन का सवाल है, न्यायाधिकरण ने 50% को भविष्य की संभावनाओं के रूप में स्वीकार किया, जिसे उच्च न्यायालय ने हटा दिया। ***नेशनल इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड बनाम प्रणय सेठी***[1] में एक संविधान पीठ ने 40 वर्ष से कम आयु के स्व-नियोजित व्यक्ति के रूप में भविष्य की संभावनाओं के लिए एक अतिरिक्त राशि की घोषणा की, जो 40% तक सीमित थी। लागू किए जाने वाले उपयुक्त गुणक को 16 के रूप में लिया गया था क्योंकि मृतक की आयु 35 वर्ष थी। न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए 50% की भविष्य की संभावनाओं को हटा दिया गया था जो उचित है, लेकिन इसे 40% की दर से प्रदान किया जाना चाहिए। संपत्ति और अंतिम संस्कार के खर्च के नुकसान के लिए, 15,000/- रुपये प्रदान किए गए थे जबकि कंसोटियम के नुकसान के लिए 40,000/- रुपये की राशि प्रदान की गई थी। ***न्यू इंडिया एश्योरेंस कंपनी बनाम सोमवती***[2] में यह माना कि कंसोर्टियम का नुकसान केवल पत्नी तक ही सीमित नहीं है, बल्कि बच्चों और माता-पिता को दिया जाना चाहिए।

9. चूंकि न्यायाधिकरण के आदेश से ₹7,000/- की आय निर्धारित करने

के लिए कोई अपील दायर नहीं की गई थी, इसलिए हमें आय बढ़ाने का कोई कारण नहीं मिलता है, लेकिन हालांकि, दावेदार भविष्य की संभावनाओं के लिए 40% का हकदार और व्यक्तिगत खर्चों के लिए कटौती 1/4वीं होगी। बिलों के आधार पर न्यायाधिकरण द्वारा स्वीकार किए गए चिकित्सा व्यय को प्रदान किया जाना है। कंसोर्टियम के पति-पत्नी के नुकसान के अलावा, बच्चे भी ₹40,000/- की दर से हकदार हैं।उपरोक्त परिस्थितियों में, हम निम्नलिखित शीर्षों के तहत निम्नलिखित मुआवजा देते हैं:

संख्या	विवरण	₹ में राशि
1	निर्भरता का नुकसान 8000x12x140%x16x1/4	16,12,800/-
2	कंसोर्टियम का नुकसान	1,20,000/-
3	चिकित्सा व्यय	21,966/-
4	परिवहन और अंतिम संस्कार का खर्च	15,000/-
5	संपत्ति का नुकसान	15,000/-
	कुल	17,84,766/-

10. प्यार और स्नेह के नुकसान की कोई गुंजाइश नहीं है, क्योंकि पहले ही कंसोर्टियम का नुकसान दिया जा चुका है। हम इस तथ्य से अवगत हैं कि न्यायाधिकरण के पुरस्कार से वृद्धिशील वृद्धि की गई है, हालांकि अपीलकर्ता ने न्यायाधिकरण के आदेश को चुनौती नहीं दी थी। हमारी राय है कि जो बढ़ाया गया है वह पारंपरिक शीर्ष के तहत केवल आनुपातिक राशि है

---

1 (2017) 16 SCC 680

2. (2000) 9 SCC 644

जबकि भविष्य की संभावनाओं के लिए अपनाए गए प्रतिशत और व्यक्तिगत खर्चों के लिए कटौती को कम कर दिया गया है। हम यह कार्य इस पुराना प्रचलित सिद्धांत पर करते हैं कि जो दिया जाना है वह न्यायसंगत मुआवजा है जैसा कि संविधान पीठ ने कहा है। हमारे द्वारा संशोधित पंचाट भी न्यायाधिकरण द्वारा दिए गए अधिनिर्णय से अधिक नहीं है। हम उपरोक्त संशोधनों के साथ अपील का निपटान करते हैं।

11. लंबित आवेदन, यदि कोई हो, को निस्तारित माना जायेगा।

मामले का परिणाम: अपील का निपटारा।

शीर्ष टिप्पणियां तैयार की गयी: निधि जैन

यह अनुवाद शिव बचन यादव , पैनल अनुवादक के द्वारा किया गया।